INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI(2nd lang.)	Department: Hindi	
पाठ- साथी हाथ बढ़ाना -(कविता)	Topic: Grammar - वाक्य शुद्धि, मुहावरे , संज्ञा	**Note: Pl. write in your note book.**

व्याकरण भाग :-

प्रश्न -1-निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कर के फिर से लिखिए :-

1- कलम यह किसकी है ?

उत्तर:- यह किसकी कलम है ?

2 - यहाँ शुद्ध गाय का भी मिलता है।

उत्तर-यहाँ गाय का शुद्ध घी मिलता है।

3 -क्या आप नाश्ता कर लिए हैं ?

उत्तर-क्या आप नाश्ता कर लिया है ?

4 - मेरे को किताब चाहिए।

उत्तर- मुझे किताब चाहिए।

5 - घोड़े के पास चार पैर होते हैं।

उत्तर- घोड़े के चार पैर होते हैं ।

6 - हमने हमारा पाठ याद कर लिया है।

उत्तर-हमने अपना पाठ याद कर लिया है।

7 - लड़का ने पत्र लिखा।

उत्तर-लड़के ने पत्र लिखा।

8 -तुम्हारे थैला बहुत भारी है ।

उत्तर- तुम्हारा थैला बहुत भारी है ।

प्रश्न -2 - निम्नलिखित मुहावरों को वाक्यों में प्रयोग कीजिए:-

1 - मुहावरे- कँपकँपी छूटना (डर से काँपना) - थानेदार को देखकर चोर की कँपकँपी छूट गई।

2 - दंग रह जाना (चकित रह जाना) - वह कितना बदल गई है, यह देखकर तो मैं दंग रह गई।

3 - धुन सवार होना- (लगन लगना)- अब उस पर संगीत सीखने की धुन सवार हो गई है।

4 - पेट में चूहे कूदना (बहुत भूख लगना) -सुबह से कुछ नहीं खाया है, इसलिए तो मेरे पेट में चूहे कूद रहे हैं।

5 - बाएँ हाथ का खेल होना (आसान कार्य) इस प्रश्न को हल करना तो, मेरे लिए बाएँ हाथ का खेल है।

6 - सिर पर पाँव रखकर भागना बहुत तेज भागना - पुलिसवाले को देखते ही चोर सिर पर पाँव रख कर भाग गया।

प्रश्न -3 क) निम्नलिखित वाक्यों में से संज्ञा शब्द छाँट कर लिखिए:-

1- दिल्ली भारत की राजधानी है।

उत्तर- दिल्ली, भारत, राजधानी

2- महाराणा प्रताप का घोड़ा चेतक था।

उत्तर- महाराणा,प्रताप,घोड़ा,चेतक

3 - शाहजहाँ ने आगरा में ताजमहल बनवाया।

उत्तर- शाहजहाँ, आगरा, ताजमहल

4 - पुस्तक मेज पर रख दो।

उत्तर- पुस्तक, मेज

5 - शेर जंगल का राजा है।

उत्तर- शेर, जंगल ,राजा

ख) रिक्त स्थानों में उचित संज्ञा शब्द भरिए :-

1 - सीता बाजार से --- फ़ल---- लाई ।

2 - राम और --- शाम ---- भाई हैं ।

3 - मेरे देश का नाम--- भारत----- है।

4 - हिमालया सबसे ऊँचा--- पर्वत ---- है ।

5 - मैंने जंगल में शेर, हाथी, चीता और -भालू --- आदि जानवर देखे ।